हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 8 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 29.3 डिग्री

न्यूनतम 16.9 डिग्री


12 जिले में गैस की आपूर्ति सामान्य पांच किलो के सिलेंडर उपलब्ध





12 सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिले के लिए किया प्रेरित, दाखिला रथ कई...




## खबर संक्षेप

### 10.26 ग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक शातिर नशा तस्कर को 10.26 ग्राम हेरोइन और तस्करी में प्रयुक्त गाड़ी सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नशीले पदार्थ की खेप लेकर नेशनल हाईवे 152 डी की ओर से गांव नडियाली जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव नडियाली मोड़ पर नाकाबंदी की और संदिग्ध गाड़ी को रुकवाया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 10.26 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान हिम्मत सिंह उर्फ सोनी, वासी गांव नडियाली के रूप में हुई है।

### चोरों ने घर का ताला तोड़कर चुराई नकदी व गैस सिलेंडर

**यमुनानगर।** शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित त्रिकोणी पार्क के पास चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर नकदी व गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार त्रिकोणी पार्क निवासी राजेंद्र कुमार ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पांच अप्रैल को दोपहर दो बजे घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। अगली सुबह जब नौ बजे वह वापस घर लौटा तो घर के गेट का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर में रखी आलमारी खुली हुई थी उसके अंदर से पांच हजार रुपये तथा घर से एक गैस सिलेंडर गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### मारपीट के आरोप में चार युवकों पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव झंडा में कहासुनी होने पर चार युवकों ने गांव के ही शीशपाल को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव झंडा निवासी शीशपाल ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही हैप्पी, हर्ष, कुलदीप उर्फ चीमा तथा रोहित के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। शीशपाल ने बताया कि पांच अप्रैल को रात 10 बजे वह गांव में ही किसी काम से जा रहा था। इस दौरान चारों आरोपियों ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ डंडों से मारपीट शुरू कर दी।

### नशा तस्कर को 10 साल की कैद

**पानीपत।** एएसजे योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी गौरव पुत्र बृजमोहन निवासी वधवाराम कालोनी पानीपत को दोषी करार देते हुए उसे दस साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं जज चौधरी की अदालत ने गौरव पर एक लाख रूपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर गौरव को एक साल का अतिरिक्त कारवास भोगना होगा। दोषी गौरव पर तीस फरवरी 2019 को किला थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट 20 के तहत केस दर्ज किया था।

### नशीले पदार्थ की खेप के साथ आरोपी पकड़ा

**समालखा।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने भरत गुप्ता पुत्र प्रेम निवासी शेरपुर, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी डाढोला रोड, पानीपत को 12 किलो गांजा सहित गिरफ्तार किया है। थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी भरत गुप्ता, बरामद हुआ गांजा, मध्य प्रदेश से खरीद का लाया था। वहीं भरत पर थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। उन्होंने बताया कि नशा तस्करी के इस गैंग को पकडने के लिए पुलिस ने भरत को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है।

## बारिश के कारण फसल कटाई का काम रुका

# दिनभर रुक-रुककर जारी रही बारिश गेहूं की फसल को पहुंचा नुकसान

**मंगलवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिला में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदला। मंगलवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दिनभर रूक-रूककर बारिश का दौर भी जारी रहा। बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश ने मौसम में ठंडक तो बढ़ी लेकिन किसानों के लिए मुश्किलें भी खड़ी हो गईं। मंगलवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लगातार हुई इस बारिश का सबसे ज्यादा असर खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल पर पड़ा है। खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह भीग गई है। इससे किसानों को उत्पादन और गुणवत्ता दोनों को लेकर चिंता सता रही है।

किसान बीरबल ने बताया कि इस समय क्षेत्र में गेहूं की फसल पूरी तरह पक चुकी थी और किसान तेजी से कटाई के काम में लगे हुए थे। अचानक हुई बारिश के कारण कटाई का काम रुक गया है। उनका कहना है कि अगर मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो गेहूं की फसल में नमी बढ़ने से दाने खराब होने का खतरा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसान राम अवतार ने बताया कि पिछले चार-पांच दिनों में जिन खेतों में गेहूं की कटाई हो चुकी थी, वहां फसल के अवशेष से तूड़ी बनाने की तैयारी चल रही थी, लेकिन बारिश के कारण यह काम भी पूरी तरह ठप हो गया है। उन्होंने बताया कि खेतों में पानी भरने और नमी बढ़ने से तूड़ी तैयार करने की प्रक्रिया प्रभावित हो गई है, जिससे पशुपालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं क्षेत्र में गेहूं की कटाई के लिए आई कंबाइन मशीनें भी बारिश के कारण बंद हो गई हैं। खेतों में गीलापन होने की वजह से मशीनें काम नहीं कर पा रही हैं। इससे मशीन मालिकों के साथ-साथ कटाई से जुड़े मजदूरों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश दोबारा हुई या मौसम ज्यादा दिनों तक खराब रहा तो कटाई का पूरा शेड्यूल प्रभावित हो सकता है।



कुरुक्षेत्र। खेत में पककर तैयार खड़ी फसल।

### 1035 किसानों की हो चुकी है बायोमैट्रिक

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले की हर मंडी और खरीद केन्द्र पर पर्याप्त मात्रा में बायोमेट्रिक मशीन लगाई गई है। इस जिले में 6 अप्रैल तक 1035 किसानों की बायोमेट्रिक हो चुकी है। इस प्रणाली से किसी भी किसान को दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।अगर किसी किसान को दिक्कत आती है तो वह सम्बन्धित क्षेत्र के एसडीएम या फिर मंडी के अधिकारियों से सीधे बातचीत कर सकता है। यह सुविधा किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है।

### कुरुक्षेत्र में 405 मीट्रिक टन सरसों की खरीद का कार्य हुआ पूरा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की विभिन्न मंडियों में सरसों की खरीद का कार्य भी सुचारू रूप से चल रहा है। इस जिले में 6 अप्रैल तक 405 मीट्रिक टन हैफेड की तरफ से खरीदी जा चुकी है। अब तक 241 किसान सरसों की फसल लेकर मंडियों में पहुंचे है।

### अब तक 6.50 मीट्रिक टन गेहूं का खरीद कार्य किया एजेंसियों ने किया

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की मंडियों और खरीद केन्द्रों में अब तक 6.5 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद विभिन्न एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है। इस जिले में लगभग 1035 किसानों की बायोमेट्रिक हो चुकी है। इस सीजन में किसानों को रत्ती भर भी दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और उपमंडल स्तर पर एसडीएम को किसानों की समस्या और उनका समाधान करने की ड्यूटी भी लगाई गई है। उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 2026-27 के खरीद कार्य के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि गेहूं में काफी मात्रा में नमी है। इसलिए किसान गेहूं की फसल को सुखाकर लाए। उन्होंने कहा कि किसानों को गेट पास और बायोमेट्रिक में कोई दिक्कत नहीं आएगी। किसान अपनी समस्या हैफेड या अन्य एजेंसियों के समक्ष रख सकते है।

### बूंदाबांदी से पीला सोना भीगता रहा, किसानों की चिंता बढ़ी



**तरावड़ी।** दिनभर शहर में रुक-रुक कर हुई बूंदाबांदी का असर तरावड़ी अनाज मंडी में गेहूं की खरीद पर साफ तौर पर देखने को मिला। मौसम के बदलते मिजाज के चलते मंडी में पहुंची गेहूं की फसल को सुरक्षित रखने को लेकर आढ़तियों और किसानों की चिंता बढ़ गई। मंडी में अब बने नये फड़ पर खुले में रखी गेंहू की फसल दिनभर बरसात मे भीगती रही लेकिन किसी ने आड़ती या कमेटी के कर्मचारी ने फसल को ढकने का प्रयास नही किया। मंडी में अन्य स्थानों पर खुले में रखी गई गेहूं की फसल को बारिश से बचाने के लिए आढ़तियों द्वारा तिरपाल (प्लास्टिक की तरपाल) का सहारा लिया गया है। अधिकांश आढ़तियों ने पहले से ही तिरपाल की व्यवस्था कर ली थी, जिससे हल्की बूंदाबांदी के बावजूद फसल को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, जहां-जहां इंतजाम कमजोर रहे, वहां गेहूं के भीगने की आशंका भी बनी रही। अगर रात को तेज बरसात हुई तो यह सारे इंतजाम धरे रह जायेगें। आढ़तियों का कहना है कि मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए वे पहले से ही सतर्क हैं और फसल को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मंडी में मजदूरों की मदद से गेहूं के ढेरों को ढकने और ऊंचे स्थान पर रखने का काम लगातार जारी रहा। वहीं, किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मंडी में पुख्ता शेड और स्थायी इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचा जा सके। किसानों का कहना है कि हर साल बारिश के कारण फसल को नुकसान का खतरा बना रहता है, इसलिए स्थायी समाधान बेहद जरूरी है।



इंद्री। नागरिक अस्पताल इंद्री में इलाज के लिए लाया गया आरोपी ।

## गो हत्या मामले के आरोपी को टांग में लगी गोली, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

इंद्री के पास पश्चिमी यमुना नहर की पटरी पर सोमवार देर रात सीआईए-वन की टीम और पिछले दिनों इंद्री मे हुए गौ हत्या मामले के दो आरोपियों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में एक आरोपी की टांग में गोली लग गई। पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल आरोपी को पहले इंद्री के नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, इसके बाद उसे करनाल रेफर कर दिया गया। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसपी नरेंद्र बिजारणिया, डीएसपी सतीश गौतम और डीएसपी राजीव भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए ।

डीएसपी सतीश गौतम ने बताया कि कुछ दिन पहले इंद्री में सामने आए गौ हत्या मामले के फरार आरोपियों की तलाश में सीआईए-वन की टीम जुटी हुई थी। सोमवार रात टीम जब इंद्री से जैनपुर जाने वाली नहर पटरी पर पहुंची तो सामने से मोटरसाइकिल पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन उन्होंने रुकने के बजाय पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सीआईए वन पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें एक आरोपी पानीपत के राणा माजरा निवासी नकीम की टांग में गोली लग गई। उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने मौके से एक पिस्तौल बरामद की हैं। गौरतलब है कि इस मामले में पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## रंजिश के चलते युवक पर चाकू से वार कर किया जान से मारने का प्रयास

यमुनानगर। शहर की बैंक कॉलोनी में एक युवक ने कॉलोनी के ही गौरव पर रंजिश के चलते चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ जान से मारने का प्रयास करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बैंक कॉलोनी निवासी गौरव ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले कॉलोनी के ही दीपक के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी दीपक उसे रंजिश रखने लगा। गौरव ने बताया कि पांच अप्रैल को दोपहर एक बजे वह कॉलोनी में ही किसी काम से जा रहा था। इस दौरान आरोपी दीपक ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ गाली गलौच व मारपीट करने लगा। इसके बाद आरोपी ने जेब से चाकू निकालकर उस पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## वर्क वीजा पर सिंगापुर भेजने के नाम पर हड़पे साढ़े तीन लाख

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज
- आरोप नारायणगढ़ निवासी हर्ष, सागर और आकाश पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

वर्क वीजा पर सिंगापुर भेजने के नाम पर गांव नाहरपुर निवासी महफूज से साढ़े तीन लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप जिला अंबाला के नारायणगढ़ निवासी हर्ष, सागर व आकाश पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव नाहरपुर निवासी महफूज ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि जिला अंबाला के नारायणगढ़ निवासी हर्ष, सागर व आकाश लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। 26 फरवरी 2025 को वह आरोपियों को मिला। आरोपियों ने उसे वर्क वीजा पर सिंगापुर भेजने का आश्वासन दिया।

इसके लिए आरोपियों ने साढ़े तीन लाख रुपये का खर्च बताया। उसने आरोपियों के कहने पर उन्हें अलग-अलग करके साढे तीन लाख रुपये दे दिए। मगर इसके बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। आरोपियों से बात करने पर उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने उसे तीन चेक दिए। जब उसने वह चेक बैंक में लगाए तो वह बाउंस हो गए। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से कार चालक की मौत

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव जोगीवाड़ा के पास ट्रैक्टर ट्राली के टक्कर लगने से कार चालक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार गांव मेरूवाला निवासी गोल्डी ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित गांव काटरवाली निवासी 29 वर्षीय सचिन चार अप्रैल को अपनी कार से रात को घर लौट रहा था। जब वह गांव जोगीवाड़ा के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने सचिन की कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायल सचिन को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान सचिन की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलती ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

## एम्बुलेंस के उड़े परखच्चे, कॉलेज बस की लापरवाही से हुए हादसे में दो की मौत

- मरीज को अस्पताल में छोड़कर वापस लौट रहा था चालक, बस चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

शहजादपुर-अंबाला रोड पर गांव धनाना के नजदीक एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इसमें एक निजी कॉलेज बस और एम्बुलेंस की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में एम्बुलेंस चालक और उसमें सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई । मृतकों की पहचान शहजादपुर के लगभग 32 वर्षीय लक्ष्य और गांव डेहर के एम्बुलेंस चालक 42 वर्षीय बलविंदर के रूप में हुई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, हादसे में जान गवाने वाले लक्ष्य के जीजा बरवाला के जितेंद्र कुमार उसके ससुर जगदीश चंद पिछले कुछ समय से बीमार थे। सोमवार को उन्हें नारायणगढ़ से एक निजी एम्बुलेंस के जरिए अंबाला के अस्पताल ले जाया गया था। वापसी में एम्बुलेंस में जितेंद्र का साला लक्ष्य (32 वर्ष) और ड्राइवर बलविंदर सिंह (42 वर्ष) सवार थे।



शहजादपुर। हादसे में क्षतिग्रस्त एम्बुलेंस व मृतक लक्ष्य।

### हादसे के बाद का मंजर

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एम्बुलेंस के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहजादपुर ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने ड्राइवर बलविंदर सिंह और लक्ष्य को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी बस चालक मौके पर भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया।

## 10 मिनट में 15 भेड़ें चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, सीसीटीवी के जरिए मिली कामयाबी

- कार में आए नकाबपोश बदमाशों ने दिया था वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

साहलेपुर गांव में शनिवार देर रात एक कार में 15 भेड़ें चोरी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई कार को भी कब्जे में ले लिया है। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है। ताकि अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जा सके । पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जींद के बढैन गांव के रहने वाले हाकम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई रिट्ज कार को भी कब्जे में ले लिया है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि चोरी की गई भेड़ों को आरोपी मनी को बेच दिया है जोकि उन्हें कटने के लिए भेज देता है। आरोपी से भेडें बेचकर प्राप्त राशि भी बरामद की गई है।

भेड़ चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी। जिसमें आरोपियों की कार का नंबर स्पष्ट दिखाई दे रहा था । हालांकि आरोपियों ने कार के नंबर से छेड़छाड़ की हुई थी लेकिन इसके बावजूद पुलिस आरोपियों के गिरेबान तक पंहुच गई । मुलाना थाना प्रभारी प्रमोद सिंह ने लोगों से और पंचायतों से सीसीटीवी लगवाने और उन्हें सही रखने की अपील की है। बता दें कि शनिवार देर रात करीब 1:40 बजे एक रिट्ज कार में सवार तीन नकाबपोश बदमाश गांव साहलेपुर में भेड़ पालक सतीश कुमार के बाड़े में घुस महज 10 मिनट में 15 भेड़ें चोरी कर फरार हो गए थे। सुबह घटना का पता चलने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया था।



मुलाना। पुलिस द्वारा पकड़ा गया आरोपी।

### इलेक्ट्रॉनिक कांटे का इस्तेमाल न होने से किसानों ने किया प्रदर्शन

## पारसी कांटे पर गेहूं की तुलाई करने पर भड़के किसान

- ऑर्डर किए गए इलेक्ट्रॉनिक कांटे, अभी नहीं पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

सरदेहड़ी खरीद केंद्र में पुराने पारसी कांटे पर गेंहू फसल की तुलाई पर भारतीय किसान युनियन शहीद भगतसिंह के सदस्यों ने जसप्रीत सिंह की अध्यक्षता में रोष व्यक्त किया । उन्होंने आढ़तियों से सरकारी नियमानुसार इलेक्ट्रॉनिक कांटा प्रयोग करने को कहा । जिसके बाद उन्होंने मंडी प्रधान को भी इलेक्ट्रॉनिक कांटा प्रयोग न करने बारे पूछा तो जवाब था कि कांटे आर्डर किए गए लेकिन पंहुचे नहीं है। संतुष्टि भरा जवाब न मिलने पर यूनियन सदस्यों ने बराड़ा मार्केट कमेटी सचिव राहुल कुमार को फोन पर सूचित किया । जिसके बाद मौके पर बराड़ा मार्केट कमेटी सुपरवाइजर नरेंद्र कुमार सरदेहड़ी पंहुचे तो खरीद केंद्र में पारसी कांटे मिले। बताया जा रहा है कि अधिकतर आढ़तियों के पास इलेक्ट्रॉनिक कांटा था ही नहीं । यहां पर नियमों को ताक पर रखकर बिना इलेक्ट्रॉनिक कांटे के गेहूं तुलाई जारी थी। इस पर सुपरवाइजर नरेंद्र कुमार ने आढ़तियों को इलेक्ट्रॉनिक कांटे का प्रयोग करने बारे कहा और अंतिम चेतावनी देते हुए खरीद केंद्र सरदेहड़ी की तीन आढ़ती फर्मों के दो-दो हजार रुपये की चालान किए । कार्रवाई के बाद यूनियन सदस्य संतुष्ट नजर आए । मौके पर यूनियन सदस्यों में कुलदीप राणा, काला मंधार,इकबाल सिंह व अन्य मौजूद रहे । मार्केट कमेटी के सुपरवाइजर नरेंद्र कुमार ने बताया कि सरदेहडी मंडी में डिजिटल कांटा न होने के चलते तीन फर्मों के दो-दो हजार रुपये के चालान किए है । साथ ही आढ़तियों को चेतावनी दी गई है कि अगर इसके बाद कोई फर्म डिजिटल कांटे के अलावा तुलाई करती पाई गई तो उनके लाइसेंस पर कार्रवाई की जाएगी।



मुलाना। विरोध प्रदर्शन करते हुए किसान।

## खबर संक्षेप



### संस्कृत निबंध लेखन में छात्राओं ने दिखाया दम

**करनाल।** पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा महाविद्यालय स्तरीय संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. रेखा त्यागी ने संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भाषा भारतीय संस्कृति, दर्शन और ज्ञान-विज्ञान की वाहक है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट लेखन विचारों की स्पष्टता और प्रवाह का प्रतीक होता है। प्रतियोगिता में 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न विषयों पर संस्कृत में निबंध प्रस्तुत किए। निर्णायक की भूमिका श्रीमती सरिता आर्य और श्री संजीव कुमार ने निभाई। परिणामों में बीए तृतीय वर्ष की खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पायल दूसरे स्थान पर रहीं। नीरज और रोहिणी रानी ने संयुक्त

### दीक्षांत समारोह में 327 छात्रों को बांटी डिग्रियां




**करनाल।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने बताया की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) का 39वाँ दीक्षांत समारोह आज अत्यंत गरिमामय एवं उत्सवपूर्ण वातावरण में क्षेत्रीय केंद्र करनाल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं इग्नू कुलगीत के साथ हुआ। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल एवं उपनिदेशक डॉ. अमित कुमार जैन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉ. अमित कुमार जैन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में डॉ. धर्म पाल ने क्षेत्रीय केंद्र की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष 39वें दीक्षांत समारोह के अंतर्गत क्षेत्रीय केंद्र करनाल से कुल 22,391 विद्यार्थियों को डिग्री, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### कुरुक्षेत्र व कैथल के बीच पोलो का मुकाबला आज

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में, बुधवार को सांवला स्थित जिन्दल फार्म हाऊस में कुरुक्षेत्र और कैथल की टीमों के बीच एक रोमांचक पोलो मैच आयोजित किया जाएगा। इसके माध्यम से फिट हरियाणाह्वअभियान को बढ़ावा देते हुए युवाओं को खेलों से जोड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। सांसद नवीन जिन्दल हमेशा से युवाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाने के पक्षधर रहे हैं। उनका मानना है कि खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि युवाओं को बुराइयों से दूर रखकर उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करते हैं।

## करनाल में नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

# दो बसें व डंपर टकराए कई यात्री हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- आगे चल रही एक कार के कारण बस अचानक अनियंत्रित हुई

दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर मंगलवार को बलड़ी बाईपास के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। इस हादसे में चंडीगढ़ रोडवेज, पंजाब रोडवेज की बसें और एक डंपर आपस में टकरा गए। इस टक्कर के कारण बसों में सवार कई यात्री घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना की शुरुआत तब हुई जब चंडीगढ़ की ओर जा रही चंडीगढ़ रोडवेज की बस के आगे चल रही एक कार के कारण बस अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बस के डिवाइडर से टकराते ही उसके पीछे चल रहे डंपर चालक ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान डंपर के ठीक पीछे आ रही पंजाब रोडवेज की बस समय पर ब्रेक नहीं लगा सकी और सीधे डंपर से जा टकराई। इस जोरदार भिड़ंत के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और पंजाब रोडवेज की बस में बैठी कई




करनाल। दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

सवारियां घायल हो गईं। अनियंत्रित हुई चंडीगढ़ रोडवेज की बस पुल की रेलिंग से टकराकर रुक गई। गनीमत यह रही कि बस पुल के नीचे नहीं गिरी, अन्यथा एक बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस की टीमें तुरंत मौके पर पहुँचीं। एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुँचाया गया। हादसे के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए भारी जाम लग गया था। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटवाकर यातायात को दोबारा सुचारू रूप से शुरू करवाया।

### ई-रिक्शा को टक्कर मार मकान की दीवार में घुसी कार



करनाल। गुरु ब्रह्मानंद चौक और दून पब्लिक स्कूल के बीच मंगलवार को एक बेकाबू कार ने जमकर उत्पात मचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने पहले एक ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर एक मकान का दरवाजा तोड़ते हुए सीधे टॉयलेट की दीवार से जा टकराई।

#### हादसे में तीन लोग घायल, टला अनहोनी का साया

इस टक्कर के कारण ई-रिक्शा में सवार तीन लोग घायल हो गए हैं टक्कर इतनी भयानक थी कि ई-रिक्शा सड़क पर दो बार पलट गया। मकान मालिक ने बताया कि उनकी छोटी बेटी हादसे से महज दो मिनट पहले ही टॉयलेट से बाहर निकली थी, अन्यथा एक बड़ा और दर्दनाक हादसा हो सकता था। कार के एयर बैग खुल गए और गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही मकान की दीवारों में भी गहरी दरारें आ गई हैं।

#### शराब के नशे में थे चार युवक, पुलिस ने किए काबू

स्थानीय निवासियों और ई-रिक्शा चालक सोनू के मुताबिक, कार में चार युवक सवार थे जो पूरी तरह नशे में धुत्त थे। गाड़ी की तलाशी लेने पर अंदर से शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं। हादसे के बाद लहूलुहान हालत में कार सवार युवकों ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन राहगीर सोनम, रिंकू, विकास और प्रदीप जैसे सजग नागरिकों ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। टना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। ई-रिक्शा चालक और स्थानीय लोगों ने आरोपियों से नुकसान की भरपाई करने की मांग की है।

## 18 साल से फरार इनामी बदमाश मोहाली से काबू



करनाल। इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जानकारी देते अधिकारी।

- हत्या प्रयास मामले में कार्रवाई, पांच हजार का था इनाम

**करनाल।** जिला पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए-2 टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में करीब 18 वर्षों से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी मुख्य आरोपी एवं उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है।

सीआईए-2 प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सर्वस्व उर्फ जॉनी पुत्र केवल कृष्ण को पंजाब के मोहाली से काबू किया। आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। जांच अधिकारी के अनुसार 29 जून 2008 को गांव रिसालवा में मकान व 7.22 लाख रुपये के लेन-देन को लेकर पंचायत के दौरान विवाद हो गया था। इसी दौरान आरोपी ने नरेंद्र कुमार पर रिवॉल्वर से फायर कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में थाना असंध में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया था। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था और वर्ष 2010 में अदालत ने उसे उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था।

पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए 6 अप्रैल 2026 को उसे मोहाली से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयुक्त रिवॉल्वर की बरामदगी के लिए अदालत से दो दिन का पुलिस रिमांड लिया है।

## बिजली निगम से रिटायर हुए पवन साथियों ने दी सम्मान के साथ विदाई

- 27 वर्षों तक निभाई जिम्मेदारी, सादगीपूर्ण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के नेवल सब डिवीजन में कार्यरत जूनियर इंजीनियर पवन रहेजा के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। करीब 27 वर्षों तक विभाग में सेवाएं देने के बाद उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली।

विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने एकत्रित होकर पवन रहेजा को सम्मानित किया और उनके कार्यकाल की सराहना की। सहकर्मियों ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और लगन से कार्य करते हुए विभाग की छवि को मजबूत किया। कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के



विधायक भगवान दास कबीरपंथी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पवन रहेजा ने उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में हमेशा तत्परता दिखाई और एक जिम्मेदार अधिकारी के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई। समारोह के दौरान वीर भान रहेजा, मोहित, उदय सुभाष, सुमित जावा, गुरबक्श मदान, सुरेश कुमार व सुनील डेमला सहित अन्य कर्मचारियों ने पवन रहेजा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पवन रहेजा ने भी अपने संबोधन में सभी साथियों का आभार जताते हुए कहा कि विभाग में मिला सहयोग और स्नेह उनके जीवन की अमूल्य पूंजी रहेगा।

### प्रॉपर्टी टैक्स वसूली में निगम का मिशन तेज

**करनाल।** नगर निगम करनाल की टैक्सेशन ब्रांच की समीक्षा बैठक मंगलवार को महापौर रेणु बाला गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स संग्रहण, सर्वे, रिकवरी और नए पीआईडी से जुड़े कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। महापौर ने कहा कि निगम का लक्ष्य केवल टैक्स वसूली नहीं, बल्कि करनाल को प्रदेश के अग्रणी शहरों में शामिल करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड सर्वे, निरीक्षण और सत्यापन कार्यों को मिशन मोड में तेज किया जाए।

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 29.56 करोड़ रुपये की रिकवरी की जा चुकी है, जबकि चालू वर्ष में 4.50 करोड़ रुपये का संग्रहण हुआ है।

पीआईडी के तहत 9,776 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 4,141 स्वीकृत, 227 लंबित और 5,408 अस्वीकृत किए गए हैं। महापौर ने लंबित मामलों के शीघ्र निपटान के निर्देश दिए।

*ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार*

## गांव गढ़ी जाटान में चौपाल के निर्माण कार्य का शिलान्यास

- प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने गांव गढ़ी जाटान में 15 लाख रुपये से बनने वाली चौपाल के निर्माण कार्य का पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया। ग्रामीणों ने इस चौपाल का निर्माण शुरू करवाने के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

विधायक ने कहा कि इस चौपाल के बनने से स्थानीय लोगों को शादी-विवाह और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा। यह यहां के लोगों की काफी पुरानी मांग थी, जिसे सरकार द्वारा पूरा किया जा रहा है। इस चौपाल में विशाल हॉल के साथ-साथ शौचालय व अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश की भाजपा सरकार हरियाणा को देश में



इंद्री। गांव गढ़ी जाटान मे चौपाल के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक रामकुमार कश्यप ।

अग्रणी राज्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्प है और इसी संकल्प को पूरा करने के लिए बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर नागरिक सशक्त हो और उसे मूलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हों। सरकार केवल शहरी क्षेत्रों पर ही नहीं, बल्कि गांवों में भी समान रूप से विकास के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।

इस अवसर पर सरपंच रविंद्र दत्त शर्मा, मार्किट कमेटी इंद्री चेयरमैन महिंद्र पंजोखरा, विजय कश्यप , हुक्म चंद, नवनीत, प्रेम कश्यप, सुभाष व राम रतन कश्यप आदि मौजूद रहे।

## नशा तस्करी में जेल में बंद हवालाती की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल की जिला जेल में बंद एक हवालाती की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान 66 वर्षीय सुखचैन सिंह के रूप में हुई है, जो निसिंग थाना क्षेत्र के गांव डाचर का निवासी था।

बीती रात करीब 2 बजे सुखचैन सिंह को अचानक सांस लेने में दिक्कत महसूस हुई। जेल प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे तुरंत करनाल के **कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज** में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने तत्काल इलाज शुरू किया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। सुखचैन सिंह पर नशा तस्करी के दो गंभीर मामले दर्ज थे। 2 जनवरी 2017 को निसिंग थाने में दर्ज हुआ था, जिसमें वह फरवरी 2017 से जमानत पर था। दूसरा मामला 6 अप्रैल 2025 को दर्ज किया गया था, जिसके बाद वह 8 अप्रैल से जेल में बंद था। इस मामले में उसकी अगली पेशी 10 अप्रैल को होने वाली थी।

रामनगर थाना के एसएचओ महावीर सिंह ने बताया कि नियमानुसार, हवालाती की मौत के बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।महावीर सिंह, एसएचओ (रामनगर थाना)

### गेहूं की खरीद प्रक्रिया बनी किसानों के लिए परेशानी

**करनाल।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं किसान सेल के राष्ट्रीय संयोजक ललित बुटाना ने किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां प्राकृतिक आपदाएं किसानों पर भारी पड़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी तंत्र और जटिल प्रक्रियाएं उनकी परेशानियों को और बढ़ा रही हैं।

ललित बुटाना ने बताया कि 1 अप्रैल से शुरू हुई गेहूं खरीद प्रक्रिया में किसानों के लिए नई शर्तें लागू कर दी गई हैं। अब किसानों को अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली की फोटो पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है, जिसमें वाहन नंबर स्पष्ट दिखना जरूरी है। यही शर्त मंडी में एंट्री पास के लिए भी लागू की गई है।यह नियम जमीनी हकीकत से बिल्कुल अलग है, क्योंकि हरियाणा के करीब 85 प्रतिशत छोटे किसानों के पास अपना ट्रैक्टर-ट्रॉली नहीं है।

## तरावड़ी में आज से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

ब्रह्मलीन संत शिरोमणि बाबा बंसी वाले जी की असीम कृपा एवं शहरवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन श्रीमद् भागवत सेवा समिति, तरावड़ी की ओर से 8 अप्रैल से 15 अप्रैल तक शिव शक्ति संकीर्तन सत्संग भवन, नगर खेड़ा में आयोजित होगा।

समिति के सदस्य सुनील जिंदल, नीरज सिंगला, प्रदीप बंसल, अनिल जिंदल व मनीष गर्ग ने संयुक्त बयान में जानकारी देते हुए बताया कि बाबा बंसी वाले जी की कृपा से च्च्नर सेवा ही नारायण सेवाज्ज के भाव के साथ प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन आचार्य श्री कृष्ण जी महाराज (वृंदावन) अपनी मधुर वाणी से करेंगे, जिससे श्रद्धालु श्रीमद् भागवत का रसपान कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को प्रातः 9 बजे भव्य कलश यात्रा नगर खेड़ा से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक निकाली जाएगी। आयोजन समिति ने समस्त शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त करें और कथा श्रवण कर पुण्य के भागी बनें। कार्यक्रम के समापन पर 15 अप्रैल को प्रातः 10 बजे हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

## न्यूज डायरी

### छात्राओं को रोजगार के नए अवसर बताए



**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में भूगोल विभाग और स्काइलाइन जीओइन्फार्मेटिक्स संस्थान, रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में "भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी एवं इसके उभरते अनुप्रयोग" विषय पर शैक्षणिक सेमिनार आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी का उपयोग मानचित्रण, स्थान आधारित सेवाओं और डाटा संरचना के क्षेत्र में व्यापक रूप से किया जा रहा है। मुख्य वक्ता अन्नु श्योराण ने छात्राओं को विषय की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले समय में इस क्षेत्र में रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने छात्राओं को इस विषय का गंभीरता से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार की समन्वयक एवं भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. कंवलजीत विर्दी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस मौके पर डॉ. मंजू सिंह, प्रो. मुस्कान, कर्मा, आरजू और कनिका सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में बीए और एमएससी की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### सम्पत्ति कर पर 10 प्रतिशत छूट, 31 तक लाभ



**करनाल।** नए वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ हरियाणा सरकार ने सम्पत्ति धारकों को बड़ी राहत दी है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चालू वित्त वर्ष का सम्पत्ति कर 31 जुलाई 2026 तक जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह छूट बकायादारों पर भी लागू होगी, लेकिन उन्हें अपनी पूरी बकाया राशि एकमुश्त जमा करनी होगी। हालांकि स्पष्ट किया गया कि छूट केवल चालू वित्त वर्ष के कर पर ही मान्य होगी। निगमायुक्त ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था भी उपलब्ध है। निर्धारित पोर्टल के माध्यम से कर जमा कराने पर 1 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी दी जा रही है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे 31 जुलाई से पहले अपना सम्पत्ति कर जमा कर इस छूट का लाभ उठाएं। निगम द्वारा एकत्रित राजस्व से शहर में मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाता है, जिससे नागरिकों को सीधा लाभ मिलता है।

## जनगणना कार्य के लिए सुपरवाइजरों व प्रगणकों को दिया प्रशिक्षण

# जनगणना राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : विनोद

- समय सीमा तथा जिम्मेदारियों की जानकारी प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

जनगणना 2027 के कार्य को सुचारू तथा सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिये सरकार द्वारा संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में चार्ज ऑफिसर कम तहसीलदार विनोद कुमार की अध्यक्षता में इंद्री के बीडीपीओ कार्यालय तथा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सुपरवाईजरों व प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर



करनाल। इंद्री मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सुपरवाईजरों व प्रगणकों को जानकारी देते तहसीलदार विनोद कुमार ।

चार्ज ऑफिसर कम तहसीलदार विनोद कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सुपरवाईजरों व प्रगणकों से कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला व एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसमें तथ्यों का व्यवस्थित एवं प्रामाणिक संकलन किया जाता है । जनगणना प्रशासन की विश्वसनीयता और शासन की पारदर्शिता की परीक्षा है। यदि आंकड़े अधूरे व त्रुटिपूर्ण होंगे तो विकास योजनाओं का लक्ष्य प्रभावित होगा। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि वे ट्रेनिंग के दौरान जनगणना से सम्बन्धित पूरी जानकारी हासिल करें तथा यदि कहीं पर कुछ समझ नहीं आ रहा है तो वे मास्टर ट्रेनर से उस बारे दोबारा से जानकारी हासिल कर लें ताकि जनगणना कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या न आए । उन्होने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान फील्ड ट्रेनर द्वारा जनगणना 2027 के निर्धारित मानकों के अनुरूप विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इसमें मकान सूचीकरण, परिवार विवरण, डिजिटल डेटा संकलन, मोबाइल एप के उपयोग तथा फील्ड में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों से निपटने के तरीकों की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर पीजीटी लखबीर सिंह, गुलशन, राहुल नंदा, अमित कुमार द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को बीडीपीओ कार्यालय तथा बीईओ कार्यालय में प्रथम चरण के कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य, समय सीमा तथा जिम्मेदारियों की जानकारी प्रदान की ।

### सीएचसी तरावड़ी में 11 को रक्तदान शिविर

**तरावड़ी।** तरावड़ी एकता मंच की ओर से शिक्षक, स्वच्छता व पर्यावरण प्रेमी स्वर्गीय जय भगवान जांगड़ा की 9वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरावड़ी में 11 अप्रैल को सुबह 10 बजे एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंच के प्रधान वीरेंद्र जांगड़ा ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में लगभग 100 से अधिक रक्तदाता रक्तदान करेंगे। उन्होंने बताया कि तरावड़ी एकता मंच का यह 9 वां रक्तदान शिविर है और अभी तक मंच इन रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग एक हजार युनिट खुन लोगों को जागरूक कर दान करवा चुका है। रक्तदान को लेकर कुछ लोगों में आज भी भ्रांतियां है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है।

## खबर संक्षेप

### मशीन की चपेट में आने से महिला श्रमिक की मौत

**पानीपत।** पानीपत की काबडी रोड स्थित धागा फैक्टरी में काम करते समय महिला श्रमिक मीनू पत्नी ऋषभ मूल निवासी मैनपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी काबडी रोड क्षेत्र की मौत हो गई। इधर, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मीनू के शव की जांच की और पंचमाना भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस की जांच में पता चला कि काम के दौरान मीनू की चुनरी मशीन में आ गई थी, इससे पहले की मीनू सम्भल पाती वह भी मशीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। साथी कर्मचारियों ने मीनू को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों के कडे प्रयासों के बावजूद भी मीनू ने दमतोड दिया।

### गोदाम में चोरी के केस में दो गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस ने ब्राइट ओवरसीज फर्म के गोदाम से करीब पंद्रह लाख रुपये कीमत के टॉवल चोरी करने के आरोपी इसी फर्म के पैकिंग ठेकेदार खटीक बस्ती क्षेत्र की शास्त्री कॉलोनी निवासी सवी और चोरी के टॉवल खरीदने के आरोपी खटीक बस्ती निवासी मोहम्मद इरफान गिरफ्तार किया है। इधर, थानेदार विरेंद्र ने बताया कि टॉवल चोरी के इस मामले में फर्म के संचालक विशेष ढींगरा की शिकायत पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में केस दर्ज है।

### पुलिस टीम ने कट्टे के साथ आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने अनिल पुत्र राज कुमार निवासी मलहाना सोनीपत हाल झुग्गी हुडा सेक्टर 13/17, पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि आरोपी अनिल के खिलाफ थाना सेक्टर 13/17 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया और उसे कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### पोस्टर मेकिंग में मिश्रिता व वंशिका विजेता

**पानीपत।** आर्य कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आईबी पीजी कॉलेज की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। टीम में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा वंशिका व प्रथम वर्ष की छात्रा मिश्रिता शामिल रही। विजेताओं को बधाई देते हुए प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह ने अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्रो. हिमांशी के प्रयासों की सराहना की।

### स्लोगन लेखन स्पर्धा में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा साहित्यिक सप्ताह के दूसरे दिन स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, उपप्राचार्य डॉ. शशि प्रभा मलिक, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम, रेखा शर्मा, डॉ. सीमा, राहुल, डॉ. किरण मदान, डॉ. सीमा, सौरभ दुग्गल, डॉ. निधि, डॉ. नेहा, प्रो. रेखा , डॉ. रेशु, एकता, रोशनी आदि ने विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाया।

### डीबीजी कॉलेज में हुआ सेमिनार

**पानीपत।** देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज में मंगलवार को भूगोल विभाग द्वारा भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) एवं सुदूर संवेदन विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसमें प्राचार्य डॉ. सुभाष जागलान, विभागाध्यक्ष डॉ. शशिकांता, डॉ. दिप्ति गाबा की उपस्थित में सेमिनार में स्काईलाइन जिओ इन्फॉर्मेटिक्स के विशेषज्ञ राकेश चौहान एवं उनकी टीम ने जीआईएस और सुदूर संवेदन तकनीक की उपयोगिता पर विस्तार से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्राध्यापक सविता नैन, वीना कुमारी, शिवम, मीनाक्षी, संजू बाला, तकदीर, लाजपत मलिक आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आज पानीपत में

**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण जिलाध्यक्ष रमेश मलिक ने बताया कि बुधवार को कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पानीपत की अनाज मंडी का दौरा करेंगे। राव नरेंद्र गेहूं की खरीद का जायजा लेते हुए किसानों से मिलेगे।

## प्रदेश में 24 घंटे खुलेंगी मंडियां, गेट पास से भुगतान तक सिस्टम पूरी तरह ऑनलाइन

# गेहूं के एक एक दाने की सरकारी खरीद होगी : कृषि मंत्री राणा

किसानों से सीधा संवाद किया और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनकी फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार किसी भी किसान को अपनी उपज बेचने में कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। मंत्री राणा मंगलवार को अनाज मंडी पानीपत, मतलौडा, इसराना, बापौली और समालखा मार्किट कमेटी कार्यालयों में किसानों से सीधा संवाद किया और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। वहीं, मंत्री राणा ने कहा कि रबी खरीद सीजन 2026 के तहत किसानों को सुविधा देने और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने बेहतरी व्यवस्थाएं लागू की हैं। वहीं, किसान अपनी फसल ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ-साथ पारंपरिक साधनों से भी मंडी में ला सकते हैं। यदि ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट नहीं है तो पेंट या स्टीकर के माध्यम से पंजीकरण संख्या लिखकर भी प्रवेश संभव होगा। उन्होंने कहा कि गेट पास के लिए किसानों को इंतजार न करना पड़े, इसके लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई है। अब किसान 24 घंटे अपनी फसल मंडी में ला सकते हैं, जिससे समय की बचत होगी और प्रक्रिया सुचारु रूप से चलेगी। वहीं, फसल विक्रय के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। किसान स्वयं या उसके द्वारा नामित अधिकतम तीन व्यक्ति ही फसल मंडी में ला सकेंगे। फिंगर स्कैनिंग के साथ आईरिस स्कैनिंग का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा। तकनीकी समस्या की स्थिति में ओटीपीके माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है। आउट गेट पास खरीद एजेंसी के इंस्पेक्टर द्वारा जारी होगा, जिसे ट्रांसपोर्टर की स्वीकृति के बाद मंडी सचिव मंजूरी देंगे। इससे उठान प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर पानीपत मंडी में मार्किट कमेटी चेयरमैन अवतार शास्त्री, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, प्रशासनिक, पुलिस, कृषि आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


**पानीपत।** कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट व अवतार शास्त्री। *फोटो : हरिभूमि*

### बरसात में भीगा किसानों का गेहूं

**पानीपत।** पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में हुई बारिश के चलते मंडियों में बिक्री के लिए आया गेहूं भीग गया। बारिश से बचाव के लिए आढ़तियों और किसानों ने गेहूं को भीगने से बचाने के लिए उस पर तिरपाल ढकी। इधर, रूक रूक का हो रही बारिश के चलते जहां खेतों की गेहूं की कटाई का कार्य बंद हो गया। वहीं बेमौसमी बारिश से गेहूं की फसल को भारी नुकसान हो रहा है और किसानों कों आर्थिक नुकसान उठाना पड रहा है।


**पानीपत।** इसराना अनाज मंडी में गेहूं को तिरपाल से ढकते किसान। **फोटो : हरिभूमि**

# स्वार्थी नेताओं की वजह से सत्ता से दूर हुई कांग्रेस: सिंह


**पानीपत।** प्रेस वार्ता करते हुए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

■ पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी विदेशी मामले विभाग के उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा मंगलवार को पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। वहीं, बृजेंद्र सिंह ने स्काईलार्क में प्रेस वार्ता में कहा कि उनकी सद्भाव यात्रा का मकसद हरियाणा में आपसी भाईचारे एवं कांग्रेस को मजबूती देना है। वहीं, उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ भाजपा सरकार के कुशासन से जनता परेशान है। वहीं, जनता की परेशानी को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता अब भाजपा सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कांग्रेसियों को चेताया कि हरियाणा में कांग्रेस के नेता अपना हिसाब किताब ठीक कर लें तो कांग्रेस को सत्ता में आने से कोई नहीं रोक सकता। पिछले विधानसभा चुनाव में भी लोग कांग्रेस को सत्ता सौंपने का मन बना चुके थे, लेकिन कुछ नेताओं के स्वार्थ के बीच सत्ता से दूर रहना पड़ा। उन्होंने कहा कि अभी कांग्रेस को सत्ता में आने के लिए लंबी जद्दोजहद करनी पड़ेगी।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कांग्रेसी नेता विक्रम शाह, सुशील शर्मा, सुरेंद्र खर्ब, जगदेव मलिक, सत्येंद्र सिंहरोहा, आजाद मलिक, महेंद्र घनघस, जोगिंद्र राठी, नरेश अत्री, ओमवीर पंवार, सुरेश छौक्कर, विजेंद्र मलिक, दीपक मुद्गिल आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर, बृजेंद्र सिंह ने पानीपत बार एसोसिएशन की बैठक को संबोधित किया। वहीं, बार के प्रधान सुरेंद्र दूहन आदि वकीलों ने पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह व उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. वीरेंद्र सिंह का स्वागत किया।

# सामूहिक प्रयास से जड़मूल से खत्म होगा टीबी रोग

■ टीबी उन्मूलन करने वाली 56 ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, सरपंचों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में टीबी मुक्त पंचायत सम्मान समारोह हुआ। जिसमें उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने समारोह में जिले की पंचायतों द्वारा टीबी उन्मूलन की दिशा में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, खलीला माजरा, कैथ, डुमियाना, भैंसवाल, निजामपुर, मोहाली को स्वर्ण श्रेणी में, गांव ताहरपुर, पलरी, पुठर, अलूपुर, बेगमपुर, ओसारी, न्यू बोहली, चिडया, नवादा पार, रामरा आर को रजत श्रेणी में अधमी, मिर्जापुर, जलमाना, रसलापुर, गोयला खेड़ा, संजोली, गढ़ी भल्लोर, ढेराजोगियां, अहर, कुराना, भाऊ पुर, कुराड़, छिछडन्ना, नौल्था, ब्राह्मण माजरा, महराना, माण्डी, बलाना, ग्वालड़ा, बुआना लाखु, बिजावा, शाहपुर, जोंदन खुर्द, नारा, दरियापुर, सिंहपुरा, शेरा, धर्मगढ़, खंडरा, भादर, रिसालू, जाटल, बसेरा, कारकौली, करहस, नमुंडा, डिकाडला, जौरासी खास, नंगला पार, तमसाबाद को ताम्र श्रेणी में सम्मानित किया गया। दूसरी ओर, डीसी डॉ. दहिया ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी हैं। गांव स्तर पर जागरूकता, समय पर जांच और उपचार के साथ-साथ साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना अनिवार्य है। स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज की नींव रखता है और टीबी जैसी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम में स्वच्छता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# सोशल मीडिया पर एडल्ट कंटेंट पर रोक लगाए सरकार: अरोड़ा

■ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोषण मुक्त सुलभ शिक्षा सुनिश्चित करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक को संबोधित करते हुए वक्ता।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की पानीपत इकाई के अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने बताया कि संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय साधारण सभा की तीन दिवसीय बैठक शांतिकुंज, हरिद्वार में हुई। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर के 36 प्रांतों से 276 प्रमुख कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। वहीं, अरोड़ा ने बताया कि इस साधारण सभा में वर्तमान सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों पर गहन चिंतन किया गया। बैठक में विशेष रूप से सोशल मीडिया पर बेरोकटोक परोसे जा रहे एडल्ट कंटेंट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से बच्चों के लिए सोशल मीडिया को प्रतिबंधित करने वाला सख्त कानून बनाने, सस्ती व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोषण मुक्त सुलभ शिक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।


**समालखा(** नागरिकों का स्वास्थ्य जांचते हुए चिकित्सक। **फोटो : हरिभूमि**

### रोग के लक्षण दिखते ही उपचार करवाएं: डॉ. त्यागी

**समालखा।** रिटायर्ड सूबेदार धर्मपाल जांगड़ा ने मंगलवार को अपनी पत्नी शांति देवी की याद में समाज सेवा समिति अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया। जिसमें 315 रोगियों ने आंख, दांत, शुगर व अन्य बीमारियों का इलाज कराया। सूबेदार धर्मपाल जांगड़ा ने रिबन काटकर कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में डा.जितेंद्र कुमार त्यागी, डा.अंजलि शर्मा, डा.ज्योति ने रोगियों की जांच की। इस अवसर पर राजेंद्र गर्ग, रामनिवास तायल, अशोक गर्ग, श्याम लाल गोयल, विजय कुमार, अश्वनी जांगड़ा, राकेश बंसल, डा.गुरदित अनेजा व हिमांशी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# टेक्सटाइल उद्योग को जल्द शुरू होगी गैस आपूर्ति

■ जिला पानीपत को प्रतिदिन करीब 250 एलपीजी सिलेंडर प्राप्त होते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पांच किलो एलपीजी सिलेंडर तथा एलपीजी, पीएनजी वितरण से जुड़े मुद्दों की समीक्षा बैठक की। इधर, डीसी डॉ. दहिया ने जिले में एलपीजी की वर्तमान स्थिति से मुख्य सचिव को विस्तार से अवगत कराते हुए बताया कि पानीपत में टेक्सटाइल उद्योग में गैस की डिमांड अधिक है। वहीं टेक्सटाइल उद्योग प्रदेश व देश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण सहयोगी है। वहीं, जिला पानीपत को प्रतिदिन करीब 250 एलपीजी सिलेंडर प्राप्त होते हैं, जिनका वितरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन गैस सिलेंडरों को अस्पतालों, विवाह-शादियों, घरेलू उपयोग और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए दिया जा रहा है। वहीं, बुधवार को टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें व्यावहारिक समाधान और बेहतर समन्वय पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में एलपीजी एवं पीएनजी की उपलब्धता को लेकर प्रशासन की प्राथमिकता है कि गैस की आपूर्ति का संतुलन इस प्रकार बनाए रखा जाए, जिससे एक ओर अस्पतालों, घरेलू उपभोक्ताओं एवं अन्य आवश्यक सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए, वहीं दूसरी ओर पानीपत के प्रमुख टेक्सटाइल उद्योग की भी गैस की आपूर्ति जरूरत के अनुसार हो सके। उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल उद्योग विश्व स्तरीय है और इसकी आवश्यकताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसके मद्देनजर टेक्सटाइल उद्योग को निरंतर गैस उपलब्ध कराई जा सके और उत्पादन प्रभावित न हो।

# अवैध निर्माण पर कड़ी कार्रवाई करेगा पानीपत प्रशासन

**पानीपत।** पानीपत जिला में अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों पर अंकुश लगाने के लिए मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में जिला टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि अवैध निर्माण और कॉलोनाइजेशन के खिलाफ कार्रवाई पूरी पारदर्शिता के साथ की जानी चाहिए। वहीं, अवैध कॉलोनियों संबंधी मामले में किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए और एफआईआर केवल संबंधित जमीन मालिकों, ऑनर के खिलाफ ही की जाए। पुलिस विभाग को भी निर्देश दिए गए कि वे ऐसे मामलों में तेजी से एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई को आगे बढ़ाएं। जिला नगर योजनाकार (एनफोर्समेंट) अमित मलिक, डीएसपी सतीश वत्स सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

मयंक गुलाटी (आधार संख्या 8420 9432 0721) पुत्र श्री हरीश कुमार पुत्र श्री रामकिशन निवासी मकान नम्बर 12-आर, प्रकाश नगर, प्रेम सच्चदेवा मलिक डेरी के पास, पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मयंक गुलाटी (आधार संख्या 8420 9432 0721) पुत्र श्री हरीश कुमार पुत्र श्री रामकिशन निवासी मकान नम्बर 12-आर, प्रकाश नगर, प्रेम सच्चदेवा मलिक डेरी के पास, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्रीमति माया वन्ती पत्नी श्री रामकिशन की मृत्यु दिनांक 10/01/2010 को हो चुकी है। व हरीश पुत्र श्री रामकिशन की मृत्यु दिनांक 26/11/2025 को हो चुकी है। कैलाश रानी पुत्री श्री रामकिशन की मृत्यु दिनांक 20/11/2005 को हो चुकी है। व सोनू बब्बर पुत्र श्री कैलाश रानी की मृत्यु दिनांक 21/11/2025 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। हल्का पटवारी तथा अंजली शर्मा, नगर निगम पार्षद वार्ड 12 पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है :- 1. नीलम (पुत्री) 2. अशोक कुमार (पुत्र) 3. सुभाष चन्द्र (पुत्र) 4. सतीश कुमार (पुत्र) 5. कंचन रानी (पुत्र वधु) 6. मयंक (पोत्र) 7. हर्षिता (पोत्री) 8. तनीषा (पोत्री) 9. गनीशा (दयोति) 10. दीपा (दयोति) 11. केशव (पुत्र श्री सोनू पुत्र श्री कैलाश रानी) 12. भारती गुलाटी (पुत्री श्री भारती पुत्र श्री कैलाश रानी) कुल (12) जायज वारिस हैं। इनके अलावा मृतक स्व० श्रीमति माया वन्ती का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 06.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**कार्यालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

अक्ष गर्ग पुत्र लेट श्री नरेंदर कुमार पुत्र श्री राम निवास निवासी मकान न. 38-बी, भाटिया कॉलोनी, गणेश मंदिर के सामने, पानीपत

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अक्ष गर्ग पुत्र लेट श्री नरेंदर कुमार पुत्र श्री राम निवास निवासी मकान न. 38-बी, भाटिया कॉलोनी, गणेश मंदिर के सामने, पानीपत ने एक वारिसान प्रमाण-पत्र बाबत वारिसान तस्दीक, इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्रीमती संतोष रानी पत्नी श्री राम निवास निवासी मकान न. 38-बी, भाटिया कॉलोनी, गणेश मंदिर के सामने, पानीपत का देहांत दिनांक 15.03.26 को हो चूका है व अब स्व. श्रीमती संतोष रानी की मृत्यु के बाद उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी हैं:- 1. राकेश कुमार गर्ग (विवाहित पुत्र), 2. गुप्ता (विवाहित पुत्री), 3. नरेंदर कुमार (विवाहित मृतक पुत्र), यह की उपरोक्त वारिसों में से वारिस न. 3 नरेंदर कुमार की मृत्यु दिनाक 10.07.2025 को हो चुकी है व उसकी मृत्यु के बाद उसके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी हैं:- सुचित्रा गर्ग (विधवा), II. अक्ष गर्ग (पुत्र), III. आस्था गुप्ता (पुत्री) इनके अलावा स्व. श्री श्रीमती संतोष रानी व स्व. श्री नरेंदर कुमार के अन्य कोई वारिस न है। जिसके बाबत प्रार्थी ने शपथ पत्र भी पेश किया है, इसलिए हर आम व खास को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतकों के बताये गए वारिसो के बाबत कोई शक व ऐतराज हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरांत 15 दिनों के अंदर-अंदर उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर वारिसो की तस्दीक बाबत वारिसान प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जायेगा । यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 6/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

## आईबी पीजी कॉलेज में सुरक्षित प्रवासन विषय पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित

# सुरक्षित प्रवासन को जागरूक हों विद्यार्थी : सौरभ

*प्रवासन के दौरान सही जानकारी, सतर्कता और विश्वसनीय स्रोतों का चयन अत्यंत आवश्यक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** आईबी कॉलेज में अतिथियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य व उप प्राचार्य। **फोटो : हरिभूमि**

आईबी पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा जागरूक जाओ कार्यक्रम के तहत सुरक्षित प्रवासन विषय पर जागरूकता व्याख्यान करवाया गया। वहीं, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वतंत्र पत्रकार सौरभ दुग्गल ने अपने प्रभावशाली एवं अत्यंत ज्ञानवर्धक व्याख्यान में सुरक्षित प्रवासन की संपूर्ण प्रक्रिया को सरल, स्पष्ट और व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रवासन से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों, आवश्यक दस्तावेजों, वीजा प्रक्रिया, संभावित जोखिमों, मानव तस्करी एवं धोखाधड़ी से बचाव के उपायों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रवासन के दौरान सही जानकारी, सतर्कता और विश्वसनीय स्रोतों का चयन अत्यंत आवश्यक है, जिससे अनावश्यक जोखिमों से बचा जा सके। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार और सोच-समझकर निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे अपने भविष्य को सुरक्षित एवं सफल बना सकें।

वहीं, प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, उप-प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, राजनीति विभाग की अध्यक्षा डॉ. किरण मदान, डॉ. नीलम दहिया, डॉ. सीमा, प्रो. खुशबू द्वारा भारतीय परंपरा के अनुरूप तुलसी का पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि सौरभ दुग्गल का स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### खेलकूद स्पर्धाओं में खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**शहजादपुर।** स्वामी देवी दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, बागवाली में 11 और 13 अप्रैल को 'मिनी सृजन' के अंतर्गत "बैसाखीः हार्वेस्ट टू हेरिटेज" विषय पर दो दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को बैसाखी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक खेलों से जोड़ना है। उत्सव के पहले दिन 11 अप्रैल को खेल मैदान में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। छात्राओं के लिए बैडमिंटन और खो-खो, जबकि छात्रों के लिए कबड्डी और वॉलीबॉल के मुकाबले कराए जाएंगे। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में टीम भावना और शारीरिक क्षमता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। 13 अप्रैल को ध्वज मैदान में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बैसाखी के पारंपरिक रंग देखने को मिलेंगे। छात्राओं के लिए बैडमिंटन और खो-खो, जबकि छात्रों के लिए कबड्डी और वॉलीबॉल के मुकाबले कराए जाएंगे।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी के तहत चौकी हाउसिंग बोर्ड की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए एक्टिवा चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान मंगतू और काव्य, के रूप में हुई है। यहां से एक महिला के घर के बाहर से एक्टिवा चोरी हो गई थी। पीड़िता की शिकायत पर थाना अंबाला छावनी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से चोरीशुदा एक्टिवा जब्त की है। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने न केवल हाउसिंग बोर्ड बल्कि थाना बलदेव नगर क्षेत्र में भी चोरी की एक अन्य वारदात को अंजाम दिया था जिसमें वे अब तक फरार चल रहे थे।

### 10 लाख की ठगी करने वाले काबू

**अंबाला।** पुलिस ने बिजली विभाग में नौकरी दिलाने और बिजली बिल आधा करवाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान लवली और पंकज के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता सलिंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने उसे बिजली बोर्ड में सरकारी नौकरी लगवाने और बिजली बिल कम करवाने का लालच दिया था। इस झांसे में आकर पीड़ति से 2 जनवरी 2024 से 22 मई 2025 के बीच किस्तों में कुल 10 लाख रुपये ठग लिए गए। काम न होने और पैसे वापस न मिलने पर पीड़ति ने पुलिस की शरण ली।22 मई 2025 को मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने सघन जांच शुरू की। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी लवली ने अपने साथी पंकज की संलिप्तता का खुलासा किया। इसमें 6 अप्रैल 2026 को पंकज को भी दबोच लिया गया। आरोपी लवली के खिलाफ पहले भी थाना बलदेव नगर में धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं।

### पेंशन अपडेट के नाम पर दस लाख की धोखाधड़ी

**अंबाला।** पेंशन अपडेट कराने के नाम पर रिटायर्ड रेलकर्मी घेलड़ी गांव के शमशेर सिंह से 10 लाख ठग लिए। शमशेर की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि 4 फरवरी को उनके पास अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि उनकी पेंशन शुरू करने के लिए बैंक खाता अपडेट करना होगा। ठग ने उनके व्हाट्सएप पर रेलवे से संबंधित मैसेज भी भेजे। फिर मोबाइल पर ओटीपी भेजा और उसे नोट करवा लिया। इसके बाद आरोपी ने उनसे दूसरे बैंक खाते की जानकारी मांगी। शक होने पर उन्होंने अगले दिन व्हाट्सएप मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया। पीड़ित ने बताया कि 9 फरवरी को जब एटीएम से पैसे निकालने गए तो एसबीआई खाते से 5-5 लाख रुपये की दो ट्रांजेक्शन के जरिये 10 लाख रुपये निकल चुके थे। पुलिस खातों की जानकारी निकलवाकर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## डीसी ने अधिकारियों को गैस की आपूर्ति पर नजर रखने के दिए निर्देश

# जिले में गैस की आपूर्ति सामान्य पांच किलो के सिलेंडर उपलब्ध

लेबर को गैस की किल्लत नहीं होने दी जाएगी, पांच किलो के सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में हैं उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारी।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिला में गैस की आपूर्ति पहले की तरह समान रूप से जारी है। जिले में घरेलू उपभोक्ताओं को पहले की तरह ही घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। कालाबाजारी पर नकेल कसने के लिए टीमें लगातार फील्ड में रहकर कार्रवाई भी कर रही हैं। उपायुक्त मंगलवार को अपने कार्यालय में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, पीएनजी गैस कनेक्शन, रबी के सीजन गेहूं खरीद कार्यों, 5 किलो गैस के घरेलू सिलेंडरों की उपलब्धता, फसलों का सत्यापन, लिफ्टिंग, अटल कैंटीन इत्यादि विषयों पर समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने इन विषयों के तहत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इससे पहले वीसी के माध्यम मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने भी उपरोक्त विषयों पर जानकारी हासिल करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### मुख्य सचिव को दी गेहूं खरीद की जानकारी

डीसी ने वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव को अवगत करवाया कि जिला में गेहूं फसल के सत्यापन के तहत लगभग 34168 किसानों ने पंजीकरण करवाया हुआ है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के तहत सत्यापन का अधिकतर कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जिला में सभी मंडियों में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है। अभी आवक कम है और बीते दो दिन में बारीश होने के चलते मंडियों में गेहूं भी कम आई है। सुरजमुखी की फसल की खरीद भी की जा रही है। मंडियों में किसानों व श्रमिकों के लिए अटल किसान मजदूर कैंटीन संचालित हैं। वहां पर गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है।

### लेबर को गैस आपूर्ति की नहीं आने दी जाएगी कमी

डीसी ने यह भी कहा कि 5 किलो के गैस सिलेंडर की भी प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है। औद्योगिक क्षेत्र के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में काम करने वाली लेबर के लिए क्षेत्र के लोगों ने आश्वत किया है कि वे लेबर को गैस आपूर्ति से किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने देंगे। इसके अलावा डीएफएससी विभाग द्वारा भी कैंप व अन्य गतिविधियों के माध्यम से 5 किलो गैस सिलेंडर की उपलब्धता के लिए ऐसे वर्गों को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें नियमानुसार यह सिलेंडर भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को कहा कि सभी कार्यों को बेहतर तरीके से करें ताकि किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बैठक के दौरान बताया कि जिला में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता के तहत स्थिति सामान्य है। उन्होंने कहा कि विभागों व एंजैसियों के प्रतिनिधियों को पहले से ही स्पष्ट निर्देश हैं कि वे नियम अनुसार उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य करें। उपायुक्त ने यह भी बताया कि मंडी एसोसिएशन व आढ़ती एसोसिएशन के सदस्यों के साथ पहले से ही बैठक करके मंडी में खरीद व्यवस्था के तहत मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ सभी अन्य व्यवस्थाएं बेहतर रहें यह कार्य भी कर लिया गया है। इसके अलावा लोगों को इलेक्ट्रिकल चुल्हे/इंडक्शन का भी प्रयोग करने बारे कहा जा रहा है। उइस मौके पर एसीयूटी राहुल कंवरिया, एडीसी विराट, एसडीएम अंबाला छावनी कनिका गोयल, एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एसडीएम शिवजीत भारती, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, शिवालिक बोर्ड से कार्यकारी अधिकारी पूजा, आरटीए सुशील कुमार, डीएफएससी निशांत, डीएम हैफेड देवेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।


मुलाना। सिलेंडर स्कूल में ले जाते बच्चे।

## सरकारी स्कूल में बच्चों से सिलेंडर उठवाने का वीडियो हुआ वायरल

- स्कूल स्टाफ की मौजूदगी में छात्रों से कराया गया भारी सिलेंडर उठाने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने एक बार फिर सरकारी स्कूलों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां स्कूली बच्चों से गैस सिलेंडर स्कूल ले जाने जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के अनुसार स्कूल के मुख्य द्वार पर सिलेंडर एजेंसी की गाड़ी से कर्मचारी सिलेंडर उतार रहा हैं। इसके बाद स्कूली वर्दी में छात्र उस भारी भरकम सिलेंडर को खुद पांव से धक्का देते हुए स्कूल परिसर के अंदर ले जाते नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान स्कूल स्टाफ के सदस्य भी मौके पर मौजूद थे लेकिन किसी ने बच्चों को रोकने या स्वयं सिलेंडर उठाने की जिम्मेदारी नहीं निभाई। वीडियो में साफ दिखाई देता है कि एक कर्मचारी बच्चों के साथ चलता नजर आता है लेकिन वह सिलेंडर उठाने के बजाय केवल साथ-साथ चलता रहता है। एक अन्य स्टाफ सदस्य भी वहां मौजूद है परंतु उसने भी बच्चों को ऐसा कार्य करने से नहीं रोका।

### मामले में लिया संज्ञान

खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही तुंरत स्कूल प्रिंसिपल से संपर्क कर मामले का समाधान करने को कहा है। स्कूली बच्चों से सिलेंडर उठवाना गलत है। जिम्मेदारी स्कूल प्रिंसिपल की बनती है। उनके संज्ञान में यह मामला नहीं था । उन्हें बोल दिया गया है आगे से इस प्रकार की घटना पर रोक लगाई जाए ।

## सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिले के लिए किया प्रेरित, दाखिला रथ कई कॉलोनियों में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** दाखिला अभियान के दौरान रथ के साथ आए संघ के पदाधिकारियों का अभिनंदन करते शिक्षक।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से शुरू किया गया दाखिला अभियान रथ दूसरे दिन भी पूरे उत्साह के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचा। अभियान की शुरुआत डीईईओ ज्योति सभरवाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सौंडा से हरी झंडी दिखाकर की गई थी। दूसरे दिन जिला एफएलएन समन्वयक विजेंद्र रेढू की टीम के साथ मिलकर अंबाला शहर के सेक्टर-8, सेक्टर-9, जंडली, कांवला, शास्त्री कॉलोनी, कुलदीप नगर, रंगिया मंडी, नेनेडा, घसीटपुर, रामबाग रोड, जैन की मंडी, सब्जी मंडी, महेश नगर, खोजकीपर, ब्राह्मण माजरा, बब्याल और करधान सहित शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर अभियान चलाया। इस दौरान टीम के सदस्य प्रकाश गिल, मदन लाल, कृष्ण पूनिया, सतीश राणा, विनय रोहिल्ला और मुकेश शर्मा ने घर-घर जाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूल में बच्चों का दाखिला करवाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्हें सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं और निपुण मिशन के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएलएन) के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर अंबाला-2 के प्रधान सरदार भगवंत सिंह और राज्य महासचिव राजेश शर्मा ने दाखिला अभियान टीम का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

## अनाज मंडी में किसानों से संवाद करेंगे पूर्व सीएम हुड्डा : विधायक पूजा चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर किसानों के मुद्दों पर गरमाने जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह कल 9 अप्रैल 2026 दिन वीरवार को दोपहर 2 बजे बराड़ा अनाज मंडी पहुंचकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे और सरकार की फसल खरीद व्यवस्था का जायजा लेंगे। मुलाना की विधायक पूजा चौधरी ने इस दौरान भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हर बार नए नियम थोपकर किसानों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रैक्टर प्लेट अनिवार्यता, बॉयोमेट्रिक मिलान (अंगूठा/आंख स्कैन), गुणवत्ता के नाम पर अड़चनें और फसल पंजीकरण जैसे नियम पूरी तरह किसानों के विरोधी हैं। इन नियमों के चलते प्रदेश की अनाज मंडियों में लंबी कतारें लग रही हैं और किसान अपनी ही फसल बेचने के लिए भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में मंडियों में पहुंचे गेहूं का मिलान तक नहीं हो पा रहा जिससे खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। ऊपर से खराब मौसम ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं, लेकिन सरकार किसानों की राहत के बजाय उन्हें नियमों के जाल में उलझा रही है। विधायक ने क्षेत्रीय समस्याओं को उठाते हुए बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में तीन नदियां बहती हैं। ये बरसात के समय बाढ़ का रूप ले लेती हैं और किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाती हैं।

### गेहूं पर बोनस की घोषणा की मांग



विधायक पूजा चौधरी ने कहा कि इस बार ओलावृष्टि और बारिश से फसल को भारी नुकसान हुआ, लेकिन न तो स्पेशल गिरदावरी कराई गई और न ही मुआवजा दिया गया। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत गेहूं पर बोनस की घोषणा करें। फसल खराबे का मुआवजा दें। मंडियों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करे। साथ ही किसानों के रास्ते में खड़ी की गई सभी बाधाओं को तुरंत हटाया जाए ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपनी फसल बेच सकें। ऐसे में 9 अप्रैल को होने वाला यह दौरा न केवल किसानों के मुद्दों को लेकर अहम माना जा रहा है, बल्कि इससे प्रदेश की सियासत में भी नया मोड़ आने के संकेत मिल रहे हैं।


**शहजादपुर।** बच्चों को स्टेशनरी बांटते हुए संस्था के पदाधिकारी।

### गोविंदपुर में ईंट भट्ठों के पढ़ने वाले बच्चों को स्टेशनरी वितरित की

**शहजादपुर।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला, गोविंदपुर में ईंट भट्ठों पर काम करने वाले मेहनतकश लोगों के पढ़ने वाले एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए एक सराहनीय सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को स्टेशनरी सामग्री एवं बिस्किट वितरित किए गए।यह सेवा कार्य मेरा स्वर्णिम भारत एवं सेवा हमारा सौभाग्य फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव गुप्ता द्वारा अपनी बेटी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर गौरव गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा जल्द ही उन बच्चों को स्कूल बैग भी वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में बीडीसी सदस्य सुभाष, मेरा स्वर्णिम भारत के युवा प्रदेश अध्यक्ष धीरज, फाउंडेशन के सदस्य विक्रम तथा विद्यालय की अध्यापिका सुमन विशेष रूप से उपस्थित रहे।इस दौरान बच्चों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया और उन्हें साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

## अमेरिका की बजाय मैक्सिकों के जंगलों में छोड़ा, वर्क परमिट के नाम पर 27 लाख ठगे

- पुलिस ने आरोपी एजेंट के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़




अमेरिका भेजने के नाम पर ठसका गांव के आशिक से 27 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। आरोप है कि मैक्सिको में डोंकरों के हवाले कर दिया जहां उसे पीटा गया।

पुलिस ने एजेंट कुलदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ठसका गांव के अकरम ने बताया कि उनका छोटा भाई आशिक मोहम्मद विदेश जाने का इच्छुक था। अगस्त 2024 में वह दीप छौकर के ऑफिस में एजेंट कुलदीप सिंह उर्फ दीप छौक्कर से मिले। कुलदीप ने आशिक को अमेरिका भेजने के लिए 45 लाख रुपये की मांग की और 2 लाख रुपये एडवांस ले लिए थे। इसके बाद अलग-अलग तारीखों में आरटीजीएस और नकद के जरिए कुलदीप को करीब 27 लाख रुपये दिए गए। आरोप है कि दिसंबर 2024 में फ्लाइट भेजने के नाम पर आशिक को अवैध रास्ते से ले जाया गया। उसे अमेरिका के बजाय मैक्सिको के जंगलों में डोनकरों के पास छोड़ दिया गया। अकरम के पास व्हाट्सएप पर एक वीडियो आया, जिसमें उसका भाई हाथ जोड़कर रो रहा था और पीछे से विदेशी भाषा में बोलने वाले लोग उसे नग्न अवस्था में पीट रहे थे। एजेंट कुलदीप ने डोंकरों को और पैसे देने के नाम पर लाखों रुपये ओर ऐंठ लिए। बोल रहा था कि पैसे नहीं दिए तो वह भाई को मार डालेंगे। उसका भाई कभी अमेरिका के वर्क वीजा पर नहीं पहुंच सका। उसे अवैध तरीके से सीमा पार कराते समय पकड़ा गया। वहां की जेल में 3 महीने काटने के बाद 19 नवंबर 2025 को भारत डिपोर्ट कर दिया गया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।


**अंबाला।** रिटायर्ड शिक्षिकाओं को विदाई देते सहयोगी। फोटो : हरिभूमि

### लंबी सेवा के बाद दो शिक्षिकाएं रिटायर सहयोगियों ने दी विदाई

**अंबाला।** अंबाला शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल की प्रबंधक समिति,प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने सहयोगी शिक्षकों की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सेवा निवृत्ति पाने वाली अध्यापिकाएं प्रेम ग्रोवर (मदर टीचर), संध्या जैन ने विद्यालय में व्यतीत किए हसीन पलों को सब ने स्मरण किया। प्रधानाचार्या डॉ. रेनू गहलावत ने अध्यापकों द्वारा स्कूल को अपने जीवन के अमूल्य वर्षों का सहयोग देने व निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करने पर भूरी भूरी प्रशंसा की। सहयोगी शिक्षकों की ओर से भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल की प्रबंधक समिति के प्रधान रजत जैन , उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन,प्रबंधक समिति के सलाहकार रविकांत जैन ने सेवानिवृत्त अध्यापकों को भेंट स्वरूप स्मृति चिह्न देकर शुभकामनाएं दी।

### बांगर के किसान जताएंगे पीएम मोदी का आभार

**उचाना।** भाजपा कसूहन मंडल संयोजक संदीप चहल ने कहा कि बांगर के किसान पीएम नरेंद्र मोदी का किसान हित में निरंतर लिए जा रहे फैसलों पर चिट्ठी लिख कर आभार प्रकट करेंगे। किसान पीएम के साथ सीएम नायब सिंह सैनी का भी आभार करेंगे जो निरंतर किसान हित में फैसले ले रहे है। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के लिए जो किसान निधि शुरू की है उससे उन्हें देश का किसान सदियों तक याद रखेगा। उन्होंने इस योजना की तुलना चौ. देवीलाल द्वारा शुरू की गई बुजुर्ग पेंशन से की,जिससे समय के साथ वृद्धि हो रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने जो किसान निधि किसान को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए शुरू की थी उसमें निरंतर इजाफा होगा। देश के किसान पीएम नरेंद्र मोदी को सदियों तक याद रखेंगे।


गेहूं खरीद कार्यों की जांच करती विधायक शैली चौधरी।

### विधायक शैली चौधरी ने किया मंडियों का दौरा, खरीद कार्य को लेकर दिए निर्देश

**शहजादपुर।** कांग्रेस विधायक शैली चौधरी ने मंगलवार को नारायणगढ़ एवं शहजादपुर की अनाज मंडियों का दौरा कर फसल खरीद कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी गेट पर स्थापित किसान सहायता केंद्र एवं ऑनलाइन गेट पास प्रणाली की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरे के दौरान विधायक ने किसानो एवं आढ़तियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीजन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मशीनरी एवं कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को गेट पास सहित अन्य प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान सफाई, पेयजल, तोल व्यवस्था, फसल सत्यापन एवं बायोमेट्रिक प्रणाली सहित सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

## विधानसभा में विधायक ने उठाई आवाज से जमीन पर उतरा विकास

# लखनौर साहिब में वीएलडीए कॉलेज को मिली रफ्तार, 5.17 करोड़ का वर्क ऑर्डर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के लखनौर साहिब में वर्षों से अधर में लटका वीएलडीए (वेटरनरी एंड लाइव स्टॉक डेवलपमेंट असिस्टेंट) कॉलेज अब साकार रूप लेने की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है। इस परियोजना के लंबित निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 5 करोड़ 17 लाख रुपये का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। इसको लेकर क्षेत्र में आशा और उत्साह का वातावरण बन गया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व अंबाला शहर से विधायक निर्मल सिंह ने इस महत्वपूर्ण प्रगति को अपनी सतत राजनीतिक प्रतिबद्धता और जनसरोकारों के प्रति समर्पित प्रयासों का परिणाम बताते हुए कहा कि यह केवल एक निर्माण कार्य नहीं बल्कि सिख समाज की एक बहुत पुरानी माँग थी जो पिछले काफी समय से लंबित चल रही थी। लखनौर साहिब गुरु गोबिंद सिंह की माता गुजरी का पैतृक गांव है।इस क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को अब साकार होने से कोई नही रोक सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस विषय को उन्होंने न केवल कई बार सरकार के समक्ष उठाया, बल्कि हाल ही में विधानसभा के पटल पर भी पूरे तथ्यात्मक बल और दृढ़ता के साथ प्रस्तुत किया था। निर्मल सिंह ने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार को यह एहसास कराया कि यह परियोजना केवल एक संस्थान नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य, रोजगार और क्षेत्रीय विकास से जुड़ा हुआ एक आधार स्तंभ है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से उन्हें आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही इस कॉलेज के निर्माण कार्य को गति दी जाएगी और आवश्यक वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाएगी—जिसका परिणाम अब सामने है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इससे पूर्व उन्होंने इस विषय पर सरकार को विस्तृत मांग पत्र सौंपकर इस परियोजना की आवश्यकता और महत्व को रेखांकित किया था। "यह संघर्ष केवल एक भवन के निर्माण का नहीं था, बल्कि उस विश्वास का था, जो क्षेत्र के युवाओं ने अपने प्रतिनिधि पर रखा।

### संबद्ध क्षेत्रों में शिक्षा के नए द्वार खुलेंगे : निर्मल सिंह

निर्मल सिंह ने कहा कि इस कॉलेज के पूर्ण होने से न केवल अंबाला, बल्कि पूरे हरियाणा में पशुपालन और संबद्ध क्षेत्रों में शिक्षा के नए द्वार खुलेंगे। अब जिले के युवाओं को वीएलडीए की पढ़ाई के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि अपने ही क्षेत्र में रहकर वे इस पेशेवर डिग्री को प्राप्त कर सकेंगे।